1. **<u>श्रेणी अनुसार कार्य दायित्व व लक्ष्य :-</u>**

1. **<u>क्षेत्रीय प्रबंधक</u>:-**

1) राज्य स्तर पर क्षेत्रीय प्रबंधक के अधीन जिला प्रबंधकों की सहायता से "अपना बाजार पोर्टल" पर न्यूनतम मासिक 15000 खुदरा विक्रेताओं और वस्तु निर्माताओं को पंजीयन करवाना|
2) क्षेत्रीय प्रबंधक के अधीन 10 जिला प्रबंधक होंगे | क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ जिला प्रबंधक नियुक्त किये जा सकेंगे |
3) **<u>मासिक लक्ष्य</u>** :- राज्य स्तर पर जिला प्रबंधक की सहायता से न्यूनतम मासिक 15000 खुदरा विक्रेताओं और वस्तु निर्माताओं को "अपना बाजार पोर्टल" पर पंजीयन करवाना |
4) क्षेत्र में जिला प्रबंधक नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा पूरा किया जाएगा |
5) सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना |
6) निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |

2. **<u>जिला प्रबंधक</u>:-**

1) जिला स्तर जिला प्रबंधक के अधीन तहसील प्रबंधकों की सहायता से "अपना बाजार पोर्टल" पर न्यूनतम मासिक 1500 खुदरा विक्रेताओं और वस्तु निर्माताओं को पंजीयन करवाना|
2) जिला प्रबंधक के अधीन 10 तहसील प्रबंधक होंगे | जिला प्रबंधक के कार्य क्षेत्र में यह संख्या नहीं होने या कम होने की स्थिति में निगम की लिखित अनुमति के साथ तहसील प्रबंधक नियुक्त किये जा सकेंगे |
3) **<u>मासिक लक्ष्य</u>** :- जिला स्तर पर तहसील प्रबंधक की सहायता से न्यूनतम मासिक 1500 खुदरा विक्रेताओं और वस्तु निर्माताओं को "अपना बाजार पोर्टल" पर पंजीयन करवाना |
4) क्षेत्र में तहसील प्रबंधक नहीं होने की स्थिति में सम्पूर्ण लक्ष्य जिला प्रबंधक द्वारा पूरा किया जाएगा |
5) सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश देना एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करना |
6) निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |

3. **<u>तहसील प्रबंधक:-</u>**

1) तहसील स्तर पर "अपना बाजार पोर्टल" पर न्यूनतम मासिक 150 खुदरा विक्रेताओं और वस्तु निर्माताओं को पंजीयन करवाना|
2) **<u>मासिक लक्ष्य</u>** :- तहसील स्तर पर तहसील प्रबंधक न्यूनतम मासिक 150 खुदरा विक्रेताओं और वस्तु निर्माताओं को "अपना बाजार पोर्टल" पर पंजीयन करवाना |
3) निगम को निश्चित प्रपत्र पर अपनी कार्यदायित्वों की रिपोर्ट देना |

4. **<u>कार्यकारी प्रबंधक ई-कॉमर्स</u>:-**

1) अपना बाजार ई-कॉमर्स पोर्टल पर उत्पाद लिस्टिंग, इन्वेंटरी प्रबंधन, ऑर्डर प्रोसेसिंग तैयार करना तथा साथ ही सुनिश्चित करना कि पोर्टल पर सभी उत्पाद व उनका मूल्य सही हो |
2) पोर्टल की सभी रिपोर्ट को तैयार करना |
3) अपना बाजार पोर्टल के सुचारू रूप से कार्य को सुनिश्चित करना |
4) पोर्टल पर कैटलॉग प्रबंधन को देखना, अपना बाजार पोर्टल के ऑनलाइन बिक्री व्यवसाय को संभालना व प्रबंधन करना |
5) पोर्टल पर कोई भी तकनीकी कमी को सुधार करवाकर, सही कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना |

<u>विशेष</u> :- किसी भी कर्मचारी को किसी भी तरह का विज्ञापन, प्रचार - प्रसार सामग्री एवं अन्य स्टेशनरी का खर्चा निगम की अनुमति के बिना देय नहीं होगा | अतः उपरोक्त पर किसी भी तरह का खर्चा करने से पूर्व निगम से लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है | बिना अनुमति के किये गये व्यय की जिम्मेदारी स्वयं कर्मचारी की होगी |

☆लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|

नोट :- अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा **2.5 लाख रु.** का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

घोषणा पत्र

मैं जानता हूँ कि उक्त आवेदन शुल्क वापसी देय नहीं है |

मैं उपरोक्त आवेदक घोषणा करता / करती हूँ कि चाहे गये मापदण्डानुसार आयु पूर्ण करता / करती हूँ एवं मेरी किसी भी प्रकार की आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है |

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त श्रेणी जिस हेतु मैंने आवेदन किया है की आवश्यक जानकारी , नियम शर्ते मेरे द्वारा भलीभांति पढ़ एवं समझ ली गई है |

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त वर्णित मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही एवं सत्य है | मेरे द्वारा कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है |

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि यह मैंने स्वयं की इच्छा से उपरोक्त वर्णित सभी जानकारी स्वीकार एवं हस्ताक्षरित की है | यह मैंने किसी बाहरी दबाव में, जबरदस्ती से या बहकावे में आकर नहीं किया है |

समस्त प्रकार के कानूनी विवादों के सम्बन्ध में न्याय क्षेत्र उत्तर, क्षेत्रिय कार्यालय जयपुर (राजस्थान) ही होगा |

दिनांक :-   आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान :-

2. विज्ञापन संख्या :- BPNL/AB/01/2021-22

क्र.स.	पदनाम	पद संख्या	आयु सीमा	आवेदन शुल्क	मासिक वेतन☆
1.	**क्षेत्रीय प्रबंधक**	186	25-45	944/-	18000/-
2.	**जिला प्रबंधक**	1206	21-40	826/-	15000/-
3.	**तहसील प्रबंधक**	7276	21-40	708/-	12000/-
4.	**कार्यकारी प्रबंधक ई-कॉमर्स**	72	21-40	826/-	15000/-

☆भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |

आवेदक राज्य अनुसार पदों की सूची निम्न लिंक के माध्यम से देखें |

link -https://apnabazar.bharatiyapashupalan.com/OnlineRequirment/Vacancy

☆लक्ष्यानुसार कार्य नहीं करने पर मासिक वेतन का भुगतान नियमानुसार आनुपातिक कटौती कर किया जाएगा|

☆उपर्युक्त मासिक वेतन के अलावा किसी भी प्रकार का अन्य भत्ता देय नहीं होगा |

विशेष :- ऑनलाइन आवेदन पत्र में समस्त वांछित सूचना अंकित करें | आवेदन भरने से पूर्व विज्ञप्ति को ध्यानपूर्वक पढ़ लें | कोई सुचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

3. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-

1. क्षेत्रीय प्रबंधक:-

1) भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक
2) मार्केटिंग क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी |

2. <u>जिला प्रबंधक:-</u>

1) भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण
2) मार्केटिंग कार्य में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी |

<u>3. तहसील प्रबंधक:-</u>

1) भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 10वीं उत्तीर्ण
2) मार्केटिंग क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में वरीयता दी जायेगी |

4. <u>कार्यकारी प्रबंधक ई-कॉमर्स</u>:-

1) भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक
2) ई-कॉमर्स क्षेत्र में कम से कम 2-3 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है |

<u>अन्य योग्यताऐं</u> :-

1) **स्वास्थ्य** - निगम में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए|
2) **चरित्र** - निगम में सीधी भर्ती के लिए आवेदक का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए |
<u>विशेष</u>:- उपर्युक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती के लिये आवेदन कर सकते है, उम्मीदवार को चुनाव किए गए क्षेत्र में ही नियुक्ति का अवसर प्रदान किया जाएगा |
चूंकि यह फील्ड जॉब है अतः चयनित आवेदकों को दिये गये फील्ड में कार्य कर नियमानुसार कार्य की रिपोर्टिंग करनी होगी |

4. <u>आवेदन प्रक्रिया :-</u>

1. आवेदक भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com/ जाकर ऑनलाइन आवेदन लिंक (APPLY ONLINE) पर क्लिक कर फॉर्म को पूरा भरे | फॉर्म में दिये गये सभी कॉलम को आवश्यक रूप से भरे |
2. फॉर्म भरने के बाद आवेदन शुल्क का भुगतान दिये गये विकल्पों में से किसी एक के माध्यम से करे |
3. आवेदन सम्बन्धी समस्याओं के लिए हेल्प लाइन नंबर (0141- 2202271 / 9351899199) पर सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क करे |

5. <u>ऑनलाइन आवेदन कैसे करे :-</u>

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विज्ञप्ति (Vacancy PDF) डाउनलोड कर भर्ती से सम्बंधित सभी नियम एवं शर्ते ध्यानपूर्वक पढ़ ले |
2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें |
3. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी आवश्यक रूप से भरे |

<u>नोट</u> :- आवेदक को सलाह दी जाती है कि ई - मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर स्वयं का भरे |

4. ऑनलाइन भुगतान :- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड, UPI वॉलेट और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है | आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें |
5. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें | आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है |

6. चयन प्रक्रिया :-

1. सर्वप्रथम अंतिम तिथि तक प्राप्त सभी आवेदन पत्रों की जाँच की जायेगी |

विशेष:- आवेदक आवेदन पत्र में स्वयं का मोबाइल नंबर व ई - मेल आईडी भरें | गलत मोबाइल नंबर एवं ई - मेल आईडी के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा |

2. जाँच में सही पाए गए आवेदकों को ऑनलाइन परीक्षा की सूचना उनकी रजिस्टर्ड ई - मेल आईडी पर भेजी जायेगी |

विशेष:- ऑनलाइन परीक्षा का सिलेबस एवं अन्य नियम निगम की वेबसाइट पर अपलोड किये गए है | आवेदक उसी के अनुरूप ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी करें | उक्त में किसी भी बदलाव की सूचना आवेदक की रजिस्टर्ड ई मेल पर समय से भेज दी जायेगी |

3. ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले आवेदकों को पद के अनुसार कार्य करने व अन्य नियमों के बारे में ऑनलाइन / ऑफलाइन माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं प्रशिक्षण पश्चात नियुक्ति पत्र दिया जाएगा |

4. ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले आवेदकों को उनकी रजिस्टर्ड ई - मेल आईडी पर उनके पैनल का लिंक, यूजर आईडी व पासवर्ड भेजे जायेंगे | यूज़र आईडी व पासवर्ड के माध्यम से पैनल को लॉग इन करें | ऑनलाइन प्रशिक्षण पैनल में अपलोड किये गए वीडियो के माध्यम से दिया जाएगा | अन्य आवश्यक निर्देश आपकी रजिस्टर्ड आईडी अथवा पैनल पर भेजे जायेगे |

5. अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा **2.5 लाख रु.** का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

7. सामान्य जानकारी :-

1. अपना बाजार ऑनलाइन ई कॉमर्स पोर्टल भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड के स्वामित्व का पोर्टल है एवं निगम के माध्यम से ही इसका संचालन किया जाता है। हमारा मिशन "अपना भारत,अपना बाजार" : भारतीय ऑनलाइन बाजार में विदेशी कंपनियों का एकाधिकार दूर कर, स्वदेशी भारतीय ऑनलाइन पोर्टल अपना बाजार को देश के प्रत्येक राज्य एवं गांव में पहुंचाने हेतु "अपना भारत,अपना बाजार" मिशन की शुरुआत की गई है।

2. भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड के अपना बाजार पोर्टल के बारे में अधिक जानकारी के लिये अपना बाजार की आधिकारिक वेबसाइट https://apnabazar.bharatiyapashupalan.com/ पर जाये, अथवा निगम के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल व यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें | अन्य किसी माध्यम से प्राप्त की गयी जानकारी के लिये निगम /अपना बाजार प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा | हेल्पलाइन न. (0141-2202271 / 9351899199)(सोमवार से शनिवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक)

3. प्रत्येक पद हेतु आवेदन अलग - अलग करने होंगे |

4. आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय है अर्थात वापसी देय नहीं है |

5. किसी भी पद के लिए किये गए आवेदन को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है | इस हेतु आवेदनकर्ता का कोई भी आपत्ति मान्य नहीं है |

6. निगम द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे | अपूर्ण रहे आवेदनों को निगम द्वारा अस्वीकार कर सुचना ई - मेल आईडी अथवा डाक से भेजी जाएगी | एवं आवेदन निरस्त कर अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा | आवेदन पत्र में ई - मेल आईडी (स्वयं की) लिखना अनिवार्य है | आवेदक द्वारा गलत ई - मेल आईडी लिखना अथवा निगम द्वारा भेजी गई ई - मेल को नहीं पढ़ने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी | एवं इस सम्बन्ध में निगम द्वारा कोई भी वाद- विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा |

7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा ई - मेल आईडी अथवा डाक के माध्यम से आवेदक को दी जायेगी | अतः आवेदक आपकी डाक का पता एवं ई - मेल आईडी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ई - मेल आईडी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |